
तापमान
अधिकतम 26.3 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 20 जुलाई 2024


11 समस्या : मोमबत्ती के सहारे बच्चों की हो रही...


12 शहर के 50 से अधिक शिवभक्त राउरकेला...

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार



**दंतेवाड़ा।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी जय कश्यप को अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने पर कार्रवाई किया गया। पुलिस के आला अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक विजय पटेल थाना प्रभारी सिटी कोतवाली दन्तेवाड़ा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस बल द्वारा लगातार अवैध कार्यों में लिप्त असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आरोपी जय कश्यप पिता धनसाय कश्यप उम्र 25 वर्ष निवासी फरसपाल चौक दन्तेवाड़ा गुरूवार को फरसपाल चौक में अवैध रूप से शराब बिक्री करते मिला। जिसके कब्जे से 9 नग बीयर एवं 5 नग च्वाइस व्हिस्की जुमला 6750 मि.ली. शराब जुमला किमती 2630 रुपए को जब्त कर गिरफ्तार किया गया।

### सट्टा पर्ची लिखते आरोपी गिरफ्तार



**दंतेवाड़ा।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी ललित जेकब को जुआ सट्टा पर्ची लिखते हुये गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के आला अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक विजय पटेल थाना प्रभारी सिटी कोतवाली दन्तेवाड़ा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस बल द्वारा लगातार अवैध कार्यों में लिप्त असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को मुखबीर की सूचना पर कतियाररास बाजार पारा में आरोपी अभिषेक जेकब पिता ललित जेकब उम्र 30 वर्ष निवासी कतियारास बाजारपारा को जुआ सट्टा पर्ची लिखते हुये नकद 5000 रुपए मिलने से जब्त कर गिरफ्तार किया गया।

### ओडिशा की अवैध बीयर के साथ दो गिरफ्तार

**जगदलपुर।** बस्तर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नगरनार पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से हजारों रूपए की बीयर के अलावा बाईक व नगद बरामद कर जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से किंगफिशर कंपनी का प्रीमियम बीयर कुल 30 बोतल 19.500 लीटर अंग्रेजी बीयर अनुमानित कीमत 3 हजार 3 सौ रूपए के अलावा एक बाईक व 220 रूपए नगद बरामद किया है। मामले में लालबाग निवासी आरोपी प्रकाश राव 38 वर्ष निवासी लालबाग व राम मांझी 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि गुरूवार रात नगरनार थाना के सामने एमसीपी लगाकर आने जाने वाले वाहनों को चेकिंग किया जा रहा था।

# 5 लाख का इनाम था मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली सुक्की पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

अलग खबर

मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली की आज शिनाख्त हो गई है। गुरुवार को मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली पर 5 लाख का ईनाम था। महिला नक्सली एसीएम सुक्की पुनेम थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसीएम सुक्की पुनेम नक्सलियों के प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी के गंगालूर एरिया कमेटी में कार्यरत थी। वर्ष 2004 में डीवीसीएम दिनेश क द्वारा सुक्की पुनेम को गंगालूर एरिया कमेटी में भर्ती किया गया था। गंगालूर एरिया कमेटी अंतर्गत एलजीएस और प्लाटून 12 में काम कर चुकी है। महिला नक्सली के विरुद्ध जिला दंतेवाड़ा के थाना किरंदुल में 2 अपराध दर्ज है। इस दौरान सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नियत से लगाये गये आईईडी को डिफ्यूज कर डीआरजी बस्तर फाईटर्स ने नक्सलियों की कोशिश नाकाम की। पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत थाना किरंदुल-अरनपुर, जिला सुकमा के थाना जगरगुंडा एवं जिला बीजापुर के थाना गंगालूर बासागुड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोडी तुमनार, पीडिया, तामोडी के आस- पास के जंगल पहाड़ियों में नक्सलियों के प्रतिबंधित एवं गैर ▶▶|शेष पेज 10 पर

### 12 बोर बंदूक, खाली खोखे, जिंदा राउंड, बीजीएल सेल नक्सल सामाग्री हुआ था बरामद







#### ये सामान हुआ था बरामद


फायरिंग रुकने पश्चात घटनास्थल की सर्चिंग करने पर एक महिला नक्सली शव, 12 बोर बंदूक, खाली खोखे, जिंदा राउंड, बीजीएल सेल, डेटोनेटर, नक्सल वर्दी, नक्सल साहित्य सहित नक्सल सामग्री बरामद हुआ है। इस मुठभेड़ में और भी नक्सलियों के घायल होने की संभावना है।

### आफत की बारिश: घरों में बर्तन तैरने लगे, अनाज व अन्य खाद्य सामग्री नष्ट

# झमाझम बारिश से कई घरों में घुस गया पानी कई सड़कें हुई जलमग्न, आवागमन बाधित







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मानसून आने के बाद पहली बार शुक्रवार को दक्षिण-पश्चिम हवाओं ने अपने रौद्र रूप धारण कर अपनी जबर्दस्त उपस्थिति दर्ज की। सीजन में पहली बार लोगों को अहसास हुआ कि मानसून आ गया। मूसलाधार बारिश से शहर के अधिकांश वार्ड जलमग्न हो गए। सुंदरलाल शर्मा वार्ड बोधघाट स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी के एक दर्जन से अधिक मकान के भीतर पानी प्रवेश करने से नींद में सोए लोगो को जागना पड़ा। घरों के भीतर करीब एक फीट पानी समाने से बर्तन बहने लगे। अनाज व अन्य खाद्य सामग्री समेत सामान पानी से बर्बाद हो गए। लोगों को इससे काफी नुकसान हुआ है। शुक्रवार को सुबह 5 बजे से 8 बजे तक झमाझम बारिश हुई। दिनभर भी बारिश का दौर जारी रहा। जिससे पूरा शहर ▶▶|शेष पेज 10 पर

- बोधघाट हाउसिंग बोर्ड कालोनी में घरों में घुसे पानी निकालने लोग घंटों करते रहे जद्दोजहद



#### शहर के अधिकांश वार्ड हुआ जलमग्न

ज्ञात हो कि कांग्रेसी पार्षदों के साथ भाजपाई पार्षदों द्वारा भी यह कहा जा रहा है कि मानसून पूर्व ड्रेनेज सिस्टम सुधारने के प्रयास नहीं किया गया, जिसके कारण यह समस्या सामने आई है। विगत दिनों हल्की बारिश के कारण गायत्री नगर में जलभराव हो गया था तो गंगा नगर वार्ड के अधिकांश गली बारिश के पानी से सराबोर है। रमैया वार्ड स्थित हरीश साहू की गली के लोग भी इस मंजर से परेशान रहे। महापौर सफीरा साहू बलीराम कश्यप वार्ड की पार्षद हैं, किंतु उनका घर अंबेडकर वार्ड में है जो जलमग्न हो गया था। नगर में 48 वार्ड हैं और ऐसा कोई वार्ड नहीं जो आज हुई बारिश से प्रभावित न हुआ हो। रवींद्र नाथ टैगोर वार्ड, महारानी वार्ड, प्रवीर विजय वार्ड, सभी जगह मंजर एक जैसा ही था।

## चोंडी मेटावाड़ा तालाब में नहाने गए बुजुर्ग की डूबने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बड़ाजीं थाना क्षेत्र के सिंगनपुर चोंडी मेटावाड़ा तालाब में नहाने गए बुजुर्ग नहाने के दौरान पैर फिसलने से गहराई में चले गए। हादसे के दौरान आसपास किसी के नहीं होने से उन्हें बचाया नहीं जा सका। वहीं शव बहकर काफी दूर चला गया था। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची एसडीआरएफ व बड़ाजीं थाना की टीम ने मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक सिंगनपुर निवासी सोनू पोयाम 65 वर्ष सुबह लगभग 7 बजे चोंडी मेटावाड़ा तालाब में नहाने के लिए गए हुए थे। इसी दौरान पैर फिसलने से वह तालाब की गहराई में चले गए। हादसे के दौरान तालाब में मौजूद एक महिला ने उन्हें पानी में डूबते हुए देखा। इससे वह डर गई और तत्काल गांव में जाकर लोगों को इसकी जानकारी दी। जब तक ग्रामीण वहां पहुंचते बुजुर्ग पानी की गहराई में चले गए थे और नजर नहीं आ रहे थे। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी तत्काल डॉयल 112 व बड़ाजीं पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बड़ाजीं थाना प्रभारी रवि बैगा व टीम मौके पर पहुंची लेकिन बुजुर्ग कहीं नजर नहीं आ रहे थे। इसकी सूचना तत्काल एसडीआरएफ के गोताखोरों को दी गई जिसके बाद नाव के साथ पहुंचे गोताखोरों ने मशक्कत के बाद शव को ढूंढकर निकाला। मौके पर ही पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल रवाना किया गया। पीएम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

- नहाने के दौरान फिसला पैर और गहराई में चले गए

#### लगातार बारिश से तालाब व नदी नाले उफान पर

*अंचल में पिछले दो दिन से हो रही लगातार बारिश से नदी नाले व तालाब भरा हुआ है। बारिश के चलते चोंडी मेटावाड़ा तालाब भी भरा हुआ था जिससे बुजुर्ग सोनू पोयाम को पानी की गहराई का पता नहीं लगा और डूबने से उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शाम को काफी गमगीन माहौल में बुजुर्ग का अंतिम संस्कार किया गया।*

## सीमावर्ती राज्यों के वाहन बेखौफ परिवहन नियमों कर रहे उल्लंघन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर


बस्तर संभाग की सभी सड़कों में सीमावर्ती राज्यों ओडिशा, आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना की वाहनों बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इसकी शिकायत आए दिन मिलती रहती हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य का टैक्स बिना दिए दूसरे राज्यों की वाहन चल रहे हैं। इस पर परिवहन विभाग के आयुक्त के निर्देश पर उड़नदस्ता प्रभारी की टीम संभाग की सभी सड़कों में वाहनों की जांच की जा ▶▶|शेष पेज 10 पर

#### स्कूल बसों की हो रही जांच

बताया जा रहा है कि उड़नदस्ता की टीम संभाग के सभी सड़कों में चल रही वाहनों के साथ-साथ स्कूल बसों की भी जांच की जा रही है। स्कूल बसों में तय सीट, परमिट, चालकों का लायसेंस आदि के कागजात देखे जा रहे हैं।

#### वाहन होंगे जब्त

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं टीआई एसके झा ने बताया कि जांच के दौरान कार्रवाई की जा रही है, दूसरी बार मिली तो वाहन जब्त किया जाएगा।



### कोतवाली थाना परिसर में दशकों पुराना पेड़ गिरा, लाखों के वाहन हुए क्षतिग्रस्त

**जगदलपुर।** दो दिन से लगातार हो रही बारिश के चलते कोतवाली परिसर में लगा दशकों पुराना सिरसा का पेड़ शुक्रवार सुबह भरभराकर गिर गया। जिस वक्त यह हादसा हुआ पास ही में कुछ जवान आपस में बात कर रहे थे। जैसे ही तेज आवाज के साथ पेड़ गिरना शुरू हुआ जवानों ने भागकर अपनी जान बचाई नहीं तो जनहानि भी हो सकता था। पेड़ के गिरने से अलग अलग मामलों में जब्त हैरियर, स्कार्पियो समेत तीन महंगी गाड़ियां व दो अन्य शासकीय वाहन भी चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि क्षतिग्रस्त जब्त वाहनें काफी समय से कोतवाली ▶▶|शेष पेज 10 पर

## ट्रेप कैमरा में कैद हुआ तेंदुआ...




**बीजापुर।** इंद्रावती टाइगर रिजर्व के मद्देड़ बफर क्षेत्र में एक तेंदुआ ट्रेप कैमरे में कैद हुआ है। सप्ताहभर पूर्व एक भालू रात के अंधेरे में राष्ट्रीय राजमार्ग में घूमता देखा गया। जिसे कुछ राहगीरों ने अपने कैमरे में कैद कर लिया। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के मद्देड़ परिक्षेत्र के एक बीट में लगे ट्रेप कैमरे में बीते दिनों एक तेंदुआ कैद हुआ हैं। शाम करीब 7 बजकर 6 मिनट में ट्रेप कैमरे ने तेंदुए को क्लिक किया हैं। हालांकि जिस क्षेत्र में तेंदुआ कैमरे में कैद हुआ है। उस क्षेत्र से तेंदुए से किसी तरह की नुकसान की जानकारी नहीं मिली हैं। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक संदीप बलगा ने बताया कि मद्देड़ परिक्षेत्र में एक तेंदुआ ट्रेप कैमरे में कैद हुआ है। उन्होंने बताया कि बाघ, भालू, तेंदुआ, वनभैंसा आदि वन्यप्राणी इंद्रावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में विचरण करते हुए कैमरे में कैद हुए हैं। विभागीय अमला वन्यप्राणियों के संरक्षण व संवर्धन के लिए लगातार काम कर रहा है।

**पाठक सूचना**


हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

### संभाग में बन रहे 23 में से 22 पुलों का काम रूका

# भरी बरसात में पामेड़ पुल का निर्माण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



अलग खबर

बारिश के मौसम में जहां लोग घरों से निकलना पसंद नहीं करते। वहीं कुछ ऐसे भी श्रमवीर है जो भरी बरसात में भी अपने कर्म पथ पर डटे हुए है। हम बात कर रहे हैं एनएच के ऊपर बन रहे बीजापुर जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित चिंताबागू नदी पर पामेड़ पुल निर्माण कार्य की है, जहां मजदूर मूसलाधार बारिश होने के बाद भी कार्य को पूर्ण करने में लगे हुए है। यहां कार्य कर रहे मजदूरों ने बताया कि वर्तमान में बारिश के चलते वे लोग भी खेती किसानी करते पर उनके घर में अन्य लोग होने से वे मजदूरी का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस पुल के निर्माण होने से छत्तीसगढ़ एवं सीमावर्ती राज्य तेलंगाना के बीच रिश्तों व व्यापार की संभावनाएं बढ़ेंगी। यह पुल ग्रामीणों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में मददगार साबित होगा। बताया जा रहा है कि बीजापुर कलेक्टर ▶▶|शेष पेज 10 पर

- श्रमवीरों ने कहा कि पुल होने से छग व तेलंगाना के बीच रिश्तों, व्यापार की बढ़ेंगी संभावनाएं

एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय-रोग सम्बंधित परामर्श लें
22 एवं 24 जुलाई 2024 को जगदलपुर में



छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. एस.एस. मोहंती
DM (Cardiology)
स्थानः- एम.पी.एम हॉस्पिटल, जगदलपुर (छ.ग.)
दिनांक 22.07.2024, समय : दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
दिनांक 24.07.2024, समय : सुबह 9.30 बजे से 10:30 बजे तक
एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा
समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध
CSEB, SECL से मान्यता प्राप्त
पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें-
9993309922/8120991117/8109229030
Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road, Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
9238175001 / 9238175002
www.smchospital.in

**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन लेंगे 31 तक

**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 31 जुलाई तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से या जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में समस्त दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया जा सकता है। मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के लिए भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रलय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार पीएमआरबीपी की स्थापना की गई है। इन पुरस्कारों का उद्देश्य उन युवा बहादुरों को उचित मान्यता देना है जिन्होंने निस्वार्थ कार्य किए हैं। इसमें दूसरों के लिए असाधारण बहादुरी, एवं असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले छोटे बच्चों के लिए, जो रोल मॉडल हैं। जिन्होंने खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में दृश्यमान प्रभाव डाला हो। भारत के नागरिक तथा भारत में रहने वाले 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। तथा घटना या उपलब्धि आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि से 2 वर्ष के भीतर होनी चाहिए।

## रिकार्ड रूम में रिश्वत लेने वाला सहायक ग्रेड 2 निलंबित

**कोण्डागांव।** फरसगांव तहसील कार्यालय के रिकार्ड रूम में पदस्थ सहायक ग्रेड–2 अर्जुन सिंह नेताम को कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा निलंबित कर दिया गया है। सहायक ग्रेड–02 अर्जुन सिंह नेताम के विरुद्ध यह कार्रवाई रिश्वत लेने के कारण की गई। तहसील कार्यालय फरसगांव का एक वीडियो आया है, जिसमें वे रिकार्ड रूम राजस्व दस्तावेज निकालने के नाम पर नकद राशि लेते पाए गए थे। वीडियो के संबंध में तहसीलदार फरसगांव के प्रतिवेदन अनुसार उक्त वीडियो की पुष्टि की गई है। कर्मचारी द्वारा छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 03 (1) (एक) (दो) (तीन) का स्पष्ट रूष से उल्लघंन किए जाने के फलस्वरूप, उन्हें छ.ग. सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम –9 (1) (क) के तहत कलेक्टर श्री दुदावत द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय माकडी जिला कोण्डागांव निर्धारित किया गया है। सहायक ग्रेड–02 अर्जुन सिंह नेताम निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह–भत्ते की पात्रता होगी।

## किसान अब फसलों का बीमा करा सकेंगे 31 तक

**कोण्डागांव।** भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा खरीफ 2024 एवं रवी 2024–25 में कोंडागांव जिले में संचालित की जा रही है।खरीफ के दौरान ग्राम स्तर पर धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर मूंगफली, तुअर (अरहर), मूंग, उडद, कोदो, कुटकी एवं रागी (मडवा) ग्राम स्तर पर चना, गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर राई–सरसों एवं अलसी की फसल को बीमा हेतु अधिसूचित किया गया है। अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी ऋणी एवं अऋणी किसान इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। घोषणा पत्र दोनो खरीफ एवं रबी मौसम के लिये पूरे वर्ष के दौरान किसी भी समय लेकिन किसानों के नामांकन के लिए तय की गई तिथि खरीफ के लिए 31 जुलाई एवं रबी के लिए 31 दिसम्बर 2024 से कम से कम 7 दिन जमा करें।

# जिला अस्पताल में मिलने लगी सीटी स्कैन की सुविधा, इलाज में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- टेली रेडियोलॉजिस्ट के माध्यम से रिपोर्ट की हो रही जांच





जिला अस्पताल में ही सीटी स्कैन जांच की सुविधा मिलने लगी है। अस्पताल में सीटी स्कैनिंग के उपरांत टेली रेडियोलॉजिस्ट के माध्यम से रिपोर्ट की जांच करवाई जा रही है। जिससे मरीजों को त्वरित उपचार का लाभ प्राप्त हो रहा है। जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में जांच रिपोर्ट के लिए इंतजार करना पड़ता था, वहीं अब यह शीघ्र प्राप्त होने लगा हैऔर इलाज का कार्य भी शीघ्रता से किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत की पहल पर जिला अस्पताल में यह सुविधा मिलने से मरीजों को सीटी स्कैन के लिए बाहर नहीं जाना पड़ रहा और कम दाम में ही यह सुविधा जिले में ही मिल रही है। जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की शुल्क निजी अस्पतालों के मुकाबले भी बहुत ही कम रखी गई है, जिससे उनकी आर्थिक बचत भी हो रही है। वहीं शीघ्रता से जांच रिपोर्ट मिलने पर उपचार का कार्य भी शीघ्र होगा और बहुमूल्य जीवन को बचाया जा रहा है।

### शुल्क निजी अस्पतालों के मुकाबले बहुत ही कम

*जिला अस्पताल में सिर के कंट्रास्ट एनहैंस्ड कंप्यूटेड टोमोग्राफी जांच की दर 1500 रुपए निर्धारित की गई है, जबकि निजी अस्पतालों में इसकी जांच दर 3500 रुपए है। इसी तरह सिर के नॉन कंट्रास्ट एनहैंस्ड कंप्यूटेड टोमोग्राफी जांच की दर जिला अस्पताल में 1000 हजार रुपए निर्धारित है, जबकि निजी अस्पतालों में इसकी दर 3000 रुपए है। जिला अस्पताल में हाई रिजॉल्यूशन कंप्यूटेड टोमोग्राफी की जांच के लिए 1300 रुपए निर्धारित की गई है, जो निजी अस्पतालों में 5000 हजार रुपए में होता है। सीने के कंट्रास्ट एनहैंस्ड कंप्यूटेड टोमोग्राफी की जांच की दर जिला अस्पताल में 1400 रुपए निर्धारित है, जो निजी अस्पतालों में 5500 रुपए में होता है। जिला अस्पताल में पेट के सादा जांच की कीमत 1300 रुपए के मुकाबले निजी अस्पतालों में 6000 हजार रुपए है। वहीं पेट के कंट्रास्ट एनहैंस्ड कंप्यूटेड टोमोग्राफी जांच की दर जिला अस्पताल में 2600 रुपए और निजी अस्पतालों में 6500 रुपए है। जिला अस्पताल में पेल्विक के कंट्रास्ट एनहैंस्ड कंप्यूटेड टोमोग्राफी की जांच दर 1400 रुपए और निजी अस्पतालों में 5000 रुपए निर्धारित है। ओरिल के कंट्रास्ट एनहैंस्ड कंप्यूटेड टोमोग्राफी जांच की दर जिला अस्पताल में 1000 रुपए निर्धारित है।*

## आयोजन: यूनिसेफ इंडिया की सामाजिक नीति प्रमुख ह्यून ही बेन ने की सराहना

# युवोदय कोंडानार चौम्प्स स्वयंसेवकों के समर्पण और मेहनत का सभी वर्गों को मिल रहा लाभ






हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- सामाजिक सुरक्षा में सहयोग के लिए हुआ प्रशिक्षण

जिले में जिला प्रशासन और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में संचालित कोंडानार युवा चौंप्स के कार्यों की सराहना यूनिसेफ इंडिया के सामाजिक नीति प्रमुख सुश्री ह्यून ही बेन ने की। गुरुवार को जिला कार्यालय के भू–तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित युवोदय के सामाजिक सुरक्षा में सहयोग के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पहुंची सुश्री ह्यून ही बेन ने कहा कि स्वयंसेवक लगातार समर्पण और मेहनत से जिले के विकास में योगदान दे रहे हैं उनकी इस पहल से समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक अनूठा मंच है, जिसकी चर्चा दिल्ली तक हो रही है। उन्होंने कहा कि युवा दुर्गम क्षेत्रें में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, बाल सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, स्वच्छता आदि के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रशासन एवं आम जनता के बीच युवोदय के स्वयंसेवक सेतु की तरह कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों ने जिस प्रकार कार्य किया है, उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है।

### समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव

*कार्यक्रम में यूनिसेफ इंडिया के आपातकालीन विशेषज्ञ सरबजीत सिंह साहोटा, सामाजिक नीति राज्य विशेषज्ञ डॉ. बी. दास, और जिला कार्यक्रम अधिकारी अविनाश भोई सहित यूनिसेफ के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियो ने कोंडागांव जिले में चल रहे युवोदय कार्यक्रम की प्रगति और स्वयंसेवकों के कार्यों को देखा और सराहा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोंडानार चौम्स स्वयंसेवकों के प्रयासों से ही समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव है।*

### 500 बच्चों को कराया शाला प्रवेश

इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि यह जिला अभी–अभी वामपंथी उग्रवाद को मात देकर आगे बढ़ा है। इसके साथ ही जिले की साक्षरता दर एवं स्थानीय बोली के कारण शासन की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में जो समस्या उत्पन्न होती थी, उसका समाधान युवोदय के स्वयंसेवकों द्वारा कर लिया गया है। युवोदय के स्वयंसेवक स्थानीय बोली भाषा के जानकार होने के साथ ही समस्याओं को भी भली भांति समझते हैं, जिसके कारण उनका निदान भी सहजता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवोदय के स्वयंसेवकों के सहयोग से जिले में पिछले 6 माह में 1 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए गए, वहीं महतारी वंदन योजना के तहत डेढ़ लाख महिलाओं का पंजीयन किया गया। बच्चों के शाला त्यागने की समस्या का समाधान ढूढ़ने में भी युवोदय के युवा सहायता कर रहे हैं और 500 ऐसे बच्चों को शाला प्रवेश कराया गया, जो शाला त्यागने की स्थिति में थे। शत–प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ ही कुपोषण में भी उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने कहा कि इस जिले में एनीमिया उन्मूलन के कार्य में भी युवोदय के स्वयंसेवकों का भरपूर सहयोग मिला है। जिला प्रशासन द्वारा एनीमिया पीड़ितों की पहचान करने के उपरांत मरीजों को उपचार के लिए निरंतर प्रेरणा देने का कार्य युवोदय के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि समाज की सेवा का निस्वार्थ कार्य निरंतर करते हुए ये स्वयंसेवक भविष्य में अच्छे नेतृत्वकर्ता बनेंगे।

# झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले, नगरीय इलाकों में लोगों के घर में घुसा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

लंबे इंतजार के बाद जिले में जमकर बारिश हुई मूसलाधर बारिश से किसानों को बड़ी राहत मिली है। जिले मे अब तक खंड वर्षा से किसान परेशान थे। बीती रात जिलेभर में जमकर बारिश हुई जिससे किसान अपने खेतों में रोपा लगाने के कार्य में जुट गए कुछ दिन पूर्व तक किसान मायूस थे। किसानों के चेहरे खिले उठे हैं। बीती रात हुई मूसलाधर बारिश से निचली बस्तियों के साथ पॉश कालोनियों मे भी कई घरों में पानी घुस गया। जिससे रातभर लोग परेशान रहे। कई दुकानों मे पानी घुसने से लोग सामान हटाते रहे। बारिश इतनी जबरदस्त थी, जिससे निचली बस्तियों में कई कच्चे मकान धराशाई हो गए। रातभर रुक रुक कर बारिश होती रही। सुबह मौसम साफ होने से लोगों ने राहत की सांस ली। टूटी हुई झुग्गी और कच्चे मकान जो गिरे हैं, वो सरकारी मदद की आस में हैं।

### किसानी कार्य में आई तेजी

झमाझम बारिश से खेती- किसानी के कार्य में तेजी आ गई है। बारिश नहीं होने से परेशान किसान अब खेतों की ओर सुबह से ही निकल रहे हैं। खेतों में बोनी का कार्य शुरू हो गया है। कई किसान रोपा भी लगा रहे हैं।

### नगर पालिका पर भी उठे सवाल

पानी निचली बस्तियों में ही नहीं शहर के पॉश कॉलोनी में रहने वाले लोगों के भी घरों में घुसा है। इसकी बडी वजह बनी है नालियों की लंबे समय से सफाई नहीं होना। इसके चलती नालियों का पानी लोगों के घरों तक घुस गया। सड़कों पर नालियों की गंदगी, कचरा बहता रहा है। यह गंदा पानी लोगों के घरों में घुसा। इससे लोगों में आक्रोश भी दिखा।



# आश्रम-छात्रवासों में उपलब्ध कराएं आदर्श वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आश्रम–छात्रवास अधीक्षकों की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने सभी आश्रम–छात्रवास के अधीक्षकों को विद्यार्थियों की शिक्षा और सेहत पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

मच्छरदानी प्रदान करने के साथ ही खिड़कियों में भी जाली लगवाएं कलेक्टर – कलेक्टर ने इस दौरान कहा कि आश्रम–छात्रवासों में बच्चों की उपस्थिति पर निगरानी रखी जाए। उन्होंने मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों के प्रकोप की संभावना को देखते हुए आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को मच्छरदानी प्रदान करने के साथ ही खिड़कियों में भी जाली लगवाएं। बच्चों में बुखार आने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है अतः बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाएं। उन्होंने डायरिया के रोकथाम के लिए भी आवश्यक कार्रवाई करते हुए टंकियों एवं जलस्त्रेतों का क्लोरीनेशन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेन्यू के अनुसार बच्चों को भोजन प्रदान करें। मेन्यू चार्ट का प्रदर्शन प्रवेश मार्ग के साथ ही डायनिंग रुम में भी करें। भोजन पकाने के लिए सभी आश्रम छात्रवासों में एलपीजी का उपयोग करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही शौचालय और स्नानागार की स्वच्छता सुनिश्चित करें। इसके साथ ही कमरों में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि बच्चों को जो सामग्री शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है वह बच्चों को प्रदान करें तथा किसी भी स्थिति में अनुपयोगी न छोड़ें। उन्होंने आगामी मंगलवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत सभी आश्रम–छात्रवास परिसर में वृक्षारोपण करने क निर्देश दिए।

प्रत्येक माह पालक–बालक सम्मेलन आयोजित करने के भी दिए निर्देश – कलेक्टर ने आश्रम–छात्रवास परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बच्चों को शिक्षा, खेलकूद के लिए आदर्श वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई बच्चा यदि किसी प्रकार की परेशानी व्यक्त कर रहा है तब तत्काल इसका निराकरण किया जाएगी। उन्होंने आश्रम–छात्रवासों में निगरानी समिति के गठन के साथ ही प्रत्येक माह पालक–बालक सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त डॉ रेशमा खान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह, समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक महेन्द्र पांडे सहित आश्रम–छात्रवासों के अधीक्षकगण उपस्थित रहे।

## कर्मचारियों का ध्यानाकर्षण प्रदर्शन होगा रायपुर में

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने हड़ताल के लिए दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



छत्तीसगढ प्रदेश एनएचएम एंव एड्स नियंत्रण कर्मचारी संघ के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी का जिला कोण्डागांव एनएचएम कर्मचारी वेतनवृद्धि एवं नियमितीकरण सहित 18 मांगों के संबंध में प्रदेश स्तरीय दो दिवस धरना प्रदर्शन रायपुर में 22 एवं 23 जुलाई को करेंगे। इसके लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि एनएचएम एवं एड्स नियंत्रण संविदा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विगत 6 माह में वर्तमान सरकार को 24 बार ज्ञापन एवं आवेदन दिया जा चुका है। इसके बाद भी कोई भी कार्रवाई नहीं होने के कारण उक्त कर्मचारी में भारी रोष व्याप्त है। जिससे आंदोलन में जाने विवश हो रहे हैं। ज्ञात हो कि पिछली जुलाई 2023 में बजट सत्र के दौरान अनुपूरक बजट में 37000 संविदा कर्मचारियों के लिए 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि का प्रदान किया गया था। कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि उक्त वेतनवृद्धि लाभ स्वच्छता मिशन मनरेगा, समग्र शिक्षा विभाग को मिल गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एंव एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के 15000 संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि अब तक अप्राप्त है। जिसके कारण कर्मियों में भारी निराशा एवं रोष्ज्ञ व्याप्त हैं, जिससे विवश होकर एनएचएम एंव एड्स नियंत्रण संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 22 व 23 जुलाई को बड़े आंदोलन के तैयारी में आज मुख्य किस स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोंडागांव के पदाधिकारियों ने ज्ञापन दिया है। उक्त कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था पर पड़ेगा। डिलीवरी संस्थागत प्रसव टीकाकरण, ओपीडी, आईपीडी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय कार्यक्रम टीबी टेस्ट, दवाई वितरण, मलेरिया, गर्भवती महिलाओं का रूटीन टेस्ट, एच आई वी एड्स टेस्ट जाँच एंव काउंसलिंग, डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा कार्यक्रम पर प्रभावित हो सकता है। वर्तमान में जिला में डायरिया नियंत्रण एवं मलेरिया के संभावित मरीजों का सर्वे चल रहा हैं। कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से सभी स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभावित होगा। आम जनता को परेशानी का करना पड़ सकता है।

### ये हैं प्रमुख मांगें

18 बिंदु माँगों में नियमितीकरण,लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, ग्रेड पे निर्धारण ,वेतन विसंगति निराकरण, सी आर व्यवस्था में सुधार ,चिकित्सा परिचर्या,अवकाश नियम में बदलाव,अनुकंपा नियुक्ति और अनुदान में राशि मे वृद्धि,सेवा पुस्तिका संधारण,तबादला व्यवस्था में नियमितता जैसी प्रमुख मांगें सम्मिलित हैं ।

## पेज 9 के शेष

### 5 लाख का ईनाम था मुठभेड़...

कानूनी सीपीआई नक्सली संगठन के दरभा डिवीजन डीवीसीएम सचिव जगदीश और पश्चिम बस्तर डिवीजन डीवीसीएम दिनेश तथा कंपनी नंबर 2 कमांडर वेल्ला की उपस्थिति की सूचना पर दो दिवस पूर्व 16 जुलाई को जिला दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा के डीआरजी बस्तर फाइटर्स, एसटीएफ, सीआरपीएफ कोबरा, सीआरपीएफ 111वीं वाहिनी, 230वीं वाहिनी, 231वीं वाहिनी, 195वीं वाहिनी की यंग प्लाटून उप पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार उयके के नेतृत्व में संयुक्त नक्सल गशत सर्चिंग अभियान पर निकली थी। नक्सल गश्त सर्च अभियान के दौरान 18 जुलाई को थाना किरंदुल क्षेत्रांतर्गत पुरंगेल और इरालगुडेम के मध्य जंगल पहाड़ियों में डीआरजी बस्तर फाईटर्स दंतेवाड़ा की टीम पर नक्सलियों द्वारा ऐम्बुश लगाकर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। सुरक्षाबलों द्वारा मोर्चा सम्भाल कर जवाबी कार्रवाई की गई। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली मौके से भाग खड़े हुए। मारे गये महिला नक्सली की पहचान गंगालूर एरिया कमेटी में कार्यरत सुक्की पुनेम पिता बोस्कु पुनेम उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम गुण्डीपुर पटेलपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर के रूप में हुई है। मारी गई महिला नक्सली विभिन्न नक्सली घटनाओं में शामिल थी। उसके विरुद्ध जिला दंतेवाड़ा में 2 अपराध एवं बीजापुर में भी अपराध दर्ज है।

### झमाझम बारिश से...

जलमग्न हो गया, सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं, घरों में पानी भर गया ,विभिन्न स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में भी जल का मंजर दिखाई पड़ा। शहीद पार्क तिराहा में जल सैलाब नजर आया। यहां सड़क पर घुटनों से ऊपर पानी बहने से सुबह कुछ समय के लिए आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई थी। दुपहिया वाहन चालकों को सड़क पार करने साहस नही हुआ। बारिश ने नगर निगम के दावे को भी धोकर रख दिया। निगम के उप नेता राजेश राय ने इस संबंध में महापौर सफीरा साहू व निगम आयुक्त हरेश मंडावी को अवगत कराया नगर की ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त हो गया। वार्ड में एक वृक्ष धराशायी होने से उसकी चपेट में आया घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पहली बार देखने को मिला कि शहर की मुख्य सड़कों में भी पानी भर गया। शिवमंदिर वार्ड के बाणकार बाड़ा के भीतर बड़े नाला का पानी समाने से परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर का सबसे पुराने बड़े नाला का पानी इन्द्रावती नदी में समाहित होता है। गंगानगर,सरदार भगत सिंह वार्ड,गांधी नगर वार्ड,जवाहर नगर वार्ड,रमैया वार्ड,प्रवीर वार्ड,शिव मंदिर वार्ड, वीर सावरकर वार्ड,रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड,सुंदरलाल शर्मा वार्ड,मदर टेरेसा वार्ड,भैरमदेव वार्ड,लाल बहादुर शास्त्री वार्ड,महेंद्र कर्मा वार्ड,अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड,महाराणा प्रताप वार्ड,संजय गांधी वार्ड, अम्बेडकर, गायत्री नगर, सनसिटी व दलपत सागर के इलाकों में पानी भर गया। कई घरों में घुटनों तक पानी भरने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। नगरीय निकाय क्षेत्र के पार्षद निचली बस्तियों का दौरा करते हुए देखे गए जिसके तहत अपने अपने स्तर पर ड्रेनेज सिस्टम सुधारने में लगे हुए दिखे।

**अधिकतर स्कूलों में भरा पानी:** भारी बरसात ने स्कूलों को भी लबालब कर दिया। नगर के निर्मल विद्यालय, विद्या ज्योति स्कूल दीप्ति कान्वेंट,केंद्रीय विद्यालय,ज्ञानोदय स्कूल,पनारापारा स्कूल,कोहकापाल स्कूल,डोंगाघाट स्कूल समेत ग्रामीण क्षेत्रों के दर्जनों स्कूलो में बारिश के चलते पानी भरने की समस्या देखी गई। इसके चलते अनेक स्कूलो में आज छुट्टी घोषित कर दिया गया।

**9 लखा बिल्डिंग की हालत जर्जर:** शहर का 9 लखा बिल्डिंग याने जिला कलेक्टोरेट कार्यालय भवन का बाहरी दीवार पूरी तरह से जर्जर होने से और छत पुराना होने से छत से जगह-जगह पानी रिस रहा था। शासकीय स्कूलों में छुट्टी नहीं देने के बाद भी छात्र छात्राओं की उपस्थिति नहीं के बराबर थी। अचानक हुई बारिश के कारण स्कूल प्रभावित हुए।

**निचली बस्तियां में ज्यादा परेशानी:** मुख्य मार्ग पर घुटनों से ऊपर तक पानी बहने लगा, तो निचली बस्तियों के अधिकांश घरों में पानी घुस गया। जिसके कारण जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**तीन घंटे में 64 एमएम वर्षा:** बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में 19 जुलाई को सबसे ज्यादा बारिश रिकार्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार 24 घंटे में 82 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई है। 19 जुलाई को सुबह 5 बजे से 8 बजे तक हुई तगड़ी बारिश से ही 64 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जो कि इस मानसून सीजन में सबसे ज्यादा बारिश का रिकॉर्ड दर्ज किया गया।

### सीमावर्ती राज्यों की...

रही है। हुंडई शो-रूम से एयरपोर्ट सड़क एवं सरगीपाल रोड के दोनों ओर नो-पार्किंग में 100 से अधिक ट्रकों के खड़ी रखने से जहां दुर्घटना की संभावना रहती है। आवागमन जाम से लोगों को परेशानी हो रही है। इस पर उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने कार्रवाई शुरू कर रही है, वाहन चालक एवं मालिकों में हड़कंप मच गया है।

### कोतवाली थाना परिसर में...

परिसर में रखा गया है जो काफी कंडम हो चुकी थी बावजूद लाखों रुपए का नुकसान होने की संभावना है। गनीमत रहा कि पेड़ गिरने के दौरान कोई जनहानि नहीं हुई नहीं तो काफी नुकसान होने की संभावना थी। बहरहाल जवानों द्वारा गिरे पेड़ को हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि पेड़ के गिरने से दो से तीन लाख रूपए का नुकसान होने की संभावना है।

### भरी बरसात में पामेड़

अनुराग पांडे के निर्देश पर पुल निर्माण कार्य जोर-शोर किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर संभाग के सातों जिलों में 23 पुलों का निर्माण कार्य किया जा रहा था। लेकिन बारिश के चलते 22 पुलों का निर्माण कार्य रूक गया है। बारिश से पुलों कार्य में जुटे रहे मजदूर काम छोड़ कर खेती किसानी कर रहे हैं।

खेती किसानी के बाद होगा निर्माण कार्य

लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता श्रीमती प्रज्ञा नंद ने बताया कि खेती किसानी समाप्त होने के बाद निर्माणाधीन पुलों का कार्य शुरू किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### संगीत महाविद्यालय में बीपीए पाठ्यक्रम

**जगदलपुर।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय जगदलपुर में बीपीए पाठ्यक्रम अंतर्गत 40 सीटों पर प्रवेश जारी है। यह महाविद्यालय बस्तर एकेडमी डांस आर्ट एवं लिटरेचर (बादल) आसना जगदलपुर में संचालित है। यहां शास्त्रीय गायन (हिन्दुस्तानी), लोकसंगीत, कथक नृत्य विषय संचालित है। विद्यार्थियों को इसमें से कोई एक मुख्य विषय एवं कोई एक सहायक विषय लेना होगा। साथ ही हिन्दी भाषा या अंग्रेजी भाषा तथा पर्यावरण विषय अनिवार्यतः लेना होगा। यह बीपीए पाठ्यक्रम स्नातक में चार वर्ष की डिग्री कोर्स है। यह महाविद्यालय इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से संबंद्ध है। संगीत सीखने के इच्छुक अभ्यार्थी प्रवेश आवेदन फार्म शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय जगदलपुर या बस्तर एकेडमी, बादल आसना जगदलपुर से प्राप्त कर सकते है। प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

### 44 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 11 परिवारों को 44 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील बस्तर अन्तर्गत दुबे उमरगांव निवासी गुली उर्फ इच्छा कश्यप की मृत्यु सांप काटने से पिता मिठूराम को, ग्राम भोण्ड निवासी फुलबती की मृत्यु पानी में डूबने से नानी रूकमनी को, बस्तर निवासी देवेन्द्र की मृत्यु नहर नाली में डूबने से पिता कमलू को, ग्राम घाटकवाली निवासी अन्तुराम की मृत्यु नदी के पानी में डूबने से पुत्री लच्छमनी को, तहसील तोकापाल के कुरेंगा निवासी सदा की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि रयमती को, तहसील लोहण्डीगुड़ा कोड़ेनार निवासी दयाराम की मृत्यु नदी के पानी में डूबने से माता दशसाय को, तहसील भानपुरी अन्तर्गत सिवनी निवासी गुड्डूराम की मृत्यु नारंगी नदी में डूबने से पत्नि सुकरी को, ग्राम कावंड़गांव निवासी लखन की मृत्यु नदी पानी में डूबने से पत्नि उर्मिला को, ग्राम केशरपाल निवासी गौतम की मृत्यु पानी में डूबने से पिता सुकनाथ को, तहसील बकावण्ड के बेलपुटी निवासी धनसिंग की मृत्यु नदी में डूबने से पत्नि सुहागी को और ग्राम कोसमी निवासी परमेश्वर की मृत्यु पानी में डूबने से पिता दयनु प्रत्येक को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

## समस्या : मोमबत्ती के सहारे बच्चों की हो रही पढ़ाई


# बिजली गुल होते ही आश्रम शालाओं में छा जाता हैं अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

बीजापुर जिले के तारलागुड़ा आवासीय पोटा केबिनों में बिजली के गुल होते ही आश्रम शालाओं में घोर अंधेरा छा जाता हैं। समग्र शिक्षा रेसिडेंशियल कन्या पोटाकेबिन तारलागुड़ा में कई महीनों से सोलर पैनल खराब पड़े हैं। जिसकी वजह से बिजली के चले जाने से पोटाकेबिन के सैंकड़ों बच्चे अंधेरे में रात गुजार रहे हैं। देखा जाए तो इस इलाके में बिजली की समस्या काफी अधिक हैं

- सांप बिच्छुओं का लगा रहता है डर,कई महीनों से सोलर पैनल खराब

और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी खराब हैं। रोजाना घंटों बिजली कट जाती हैं और शाम के समय बिजली गई, तो पूरी रात नहीं आती, दूसरे दिन भी कब आए इसका भरोसा नहीं रहता हैं। आश्रम शालाओं में बच्चों के लिए सर्व सुविधा युक्त बनाने सरकार प्रयासरत हैं। लेकिन जमीन स्तर पर कार्य नहीं हो पाता जिसका कारण संबंधित अधिकारियों का समय-समय पर आश्रम शालाओं का निरीक्षण नहीं करना हैं। इन दिनों पोटाकेबिनों में अंधेरा छाया हुआ हैं, वहां लगे सोलर पैनल खराब हैं, इसे नहीं बनाया जा रहा है।





### मोमबत्ती के सहारे बच्चों की हो रही पढ़ाई

लाइट के गुल होते ही रात को पोटाकेबिन बालक व कन्या के बच्चे मोमबत्ती के सहारे पढ़ाई कर रहे हैं। आश्रमों के कमरों में मोमबत्ती लाइन से लगाई जाती हैं। बच्चे मोमबत्ती के पास बैठकर होमवर्क व अध्ययन करते हैं। अंदरूनी गांवों में लाइट की स्थिति को देखकर प्रशासन ने सोलर पैनल की व्यवस्था की हैं, देख रेख के अभाव में कुछ समय चलने के बाद वे खराब हो गए हैं।

### जहरीले जंतुओं का लगा रहता है डर

तारलागुड़ा पोटाकेबिन आस-पास जंगलों से घिरे होने की वजह से जहरीले सांप बिच्छूओं का डर लगा रहता हैं। कई बार आश्रमों में सांप, बिच्छू घुस जाते हैं। बरसात के मौसम में अधिक खतरा होता हैं, लाइट भी इन्हीं दिनों बार-बार गुल हो जाती हैं। ऐसी हालत में बच्चे अंधेरे में रात गुजार रहे हैं।

### सुधार के दिए निर्देश

इस विषय डीएमसी एमवी राव ने कहा कि मैं अभी एक माह पहले चार्ज लिया हूं। उसके बाद तारलागुड़ा व अन्य पोटाकेबिनों का लगातार दौरा कर रहा हूं। मेरे जानकारी में बात आई है, मैंने कलेक्टर के संज्ञान में लाया है। उन्होंने तत्काल क्रेडा विभाग को सुधार करने के निर्देश दिए है।

## साजो सामान के साथ नगर सेना की टीम मौजूद

# बाढ़ के हालात से निपटने प्रशासनिक दस्ता मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्टा

लगातार हो रही वर्षा को लेकर प्रति वर्ष आने वाले बाढ़ की परिस्थितियों से निपटने प्रशासन मुस्तैद नजर आ रही है। बीते दिनों बाढ़ के हालात निर्मित होने पर रेस्क्यू व मदद के लिए पहुंची नगर सेना टीम का डिप्टी कलेक्टर शबाब खांन ने अगुवाई करते हुए उन्हें आवश्यक निर्देश दिए तथा कोण्टा विश्राम गृह पर ठहराया। ज्ञात हो कि कोण्टा विकास खंड के शबरी तटों पर बसे कुछ गांवों सहित कोण्टा नगर में भारी बारिश एवं गोदावरी शबरी उफान पर होने के चलते यहां बाढ़ के हालात उत्पन्न होते हैं। बीते वर्ष तोड़ी बहुत बाढ़ की स्थिति को छोड़ कर वर्ष 2022 की बात की जाए तो कोण्टा नगर के पंद्रह में से दस वार्ड पूरी तरह बाढ़ की चपेट पर रहें। साथ ही कुछ गांव के परिवारों को भी अपना घर द्वार छोड़ दूसरे जगह रहना पड़ा था। कोण्टा नगर में आठ राहत शिविर खोले गए थे।

### बारिश से मकान गिरने से दो बच्चे घायल

क्षेत्र में हो रही लगातार भारी बारिश के चलते एक कच्चे मकान के गिर जाने से दो ग्रामीण बच्चे मकान के नीचे दब कर घायल हो गए थे। जिन्हें कलेक्टर हरिस एस. के निर्देश पर बेहतर उपचार के लिए पोलमपल्ली स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। हालांकि पोलमपल्ली के अतुलपारा में कच्चा मकान गिरने से मलबे में दबे बच्चों को ज्यादा नुकसान नही हुआ। लगातार हो रही बारिश एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नदी नाले उफान पर होने की स्थितियों को ध्यान देते हुए सुकमा कलेक्टर हरिस एस. ने अपील की है कि लोग उफनते नदी नाले को पार ना करें।

### 1734.5 मिलीमीटर औसत वर्षा होने की संभावना





कोण्टा विकासखंड सहित जिले में हो रही बारिश पर नजर डाले तो भू-अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 508.0 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 320.9 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 485.0 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 347.3 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 288.1 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 803.7 मिलीमीटर और जगरगुण्डा तहसील में 384.1 वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार सुकमा जिले में अब तक 448.7 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1734.5 मिलीमीटर औसत वर्षा संभावित है।

# 200 पौधों का हुआ रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

गीदम ब्लॉक के हाई स्कूल समलूर में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत आज 200 पौधों का रोपण किया गया। शासकीय हाई स्कूल समलूर में अंति वेक अध्यक्ष जनपद पंचायत गीदम, संजय ठाकुर प्राचार्य, लोकेंद्र ठाकुर अध्यक्ष एसएमडीसी, सुशीला ठाकुर व समस्त स्टाफ तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत 200 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष अंति वेक ने बच्चों को पर्यावरण से होने वाले लाभ एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने के विषय जानकारी दी।



### ग्रामों में लगाये जा रहे अर्जुना, हल्दी के पौधे

**गीदम।** दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लॉक अंतर्गत इंटरक्रापिंग कर मनरेगा के तहत टसर (अर्जुना) के पौधे ग्राम पंचायत जावंगा के 3 हेक्टेयर एफआरए क्लस्टर पर लगाया जा रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार उद्यान विभाग एवं रेशम विभाग के तत्वाधान में कृषकों को व्यवसायिक पौध रोपण हेतु प्रोत्साहित करने के लिए इन पौधों का चयन किया गया है। अर्जुना के पौधे रेशम कीट पालन तथा मसाला खेती हेतु हल्दी स्थानीय जलवायु के अनुरूप उपयुक्त माने गये है। जिन्हें इंटरक्रापिंग कर रोपा जायेगा। इंटरक्रापिंग एक बहुफसलीय प्रथा है, जिसमें एक ही खेत में एक साथ दो या दो से अधिक फसलों की खेती शामिल होती है, जो पॉलिकल्चर का ही एक रूप है। इस प्रकार वन अधिकार पट्टा प्राप्त कृषकों में बोमड़ा वेक 0.8 हेक्टेयर भूमि में 3 हजार 280, लखमु राम मंडावी 1.4 हेक्टेयर भूमि में 5 हजार 740 तथा लच्छू वेक 0.8 हेक्टेयर भूमि में 3 हजार 280 पौधे लगाये गये है।

# पीएचई की टीम तारलागुड़ा पोटाकेबिनों के हैंडपंपों की जांच करने पहुंची, पाया सही

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

## लाल पानी से प्यास बुझा रहे 4 पोटाकेबिन के 500 बच्चे







खबर का असर

रेसिडेंशियल कन्या आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन और बालक आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन व आरएमएसए बालक-बालिका पोटाकेबिन के सैंकड़ों बच्चे दूषित लाल पानी पीने के लिए मजबूर हैं।

खबर लगने के बाद भोपालपटनम पीएचई की टीम तारलागुड़ा के पोटाकेबिनों की जांच कर पानी की सत्यता जानी। बीआर बंजारे पीएचई उपअभियंता ने बताया कि जांच में पाया कि आश्रमों में लगे बोरिंग का पानी खराब हैं। यहां आयरन की मात्रा अधिक हैं, वह पीने योग्य नहीं हैं। इसके लिए पोटाकेबिन के अधीक्षकों को बताया कि यहां का पानी पीने के लिए उपयोग नहीं करें। कपड़ा धोने, नहाने व अन्य काम में उपयोग कर सकते हैं। वर्तमान में पुलिस थाने से पानी लेकर पीने का उपयोग किया जा रहा हैं। ज्ञात हो कि पोटाकेबिन तारलागुड़ा में फिल्टर प्लांट लगा हुआ हैं। लेकिन वह 1 साल से खराब हैं उसे सुधारा नहीं जा रहा हैं। कन्या पोटाकेबिन, बालक पोटाकेबिन, आरएमएसए बालक और बालिका में लगभग पांच सौ से अधिक बच्चे रहते हैं। बीआर बंजारे ने बताया कि वहां लगे बोरिंग के पानी में 1.5 पीपीएम आयरन की मात्रा हैं, जो अधिक हैं। उक्त बोरिंग में फिल्टर प्लांट लगाकर पानी को शुद्ध किया जा सकता हैं।

लेकिन अभी की स्थिति में पानी पीने लायक नहीं हैं। अधीक्षक के कहने पर उन बोरिंगों को बंद नहीं किया गया हैं, उसे बाहरी उपयोग करने को कहा गया हैं।

# राष्ट्रीय पदक प्राप्त खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में दंतेवाड़ा जिले के 51 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया तथा 31 राष्ट्रीय पदक प्राप्त किये। इन खिलाड़ियों को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने चेक सौंपकर सम्मान किया।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा खेल प्रोत्साहन योजनान्तर्गत प्रत्येक स्वर्ण पदक पर 21000 रुपये, रजत पदक पर 15000 तथा कांस्य पदक पर 10000 रुपये देने का प्रावधान है। इसी तारतम्य में दंतेवाड़ा जिले के 31 खिलाड़ियों को 6,17,000 रुपये के चेक वितरित किया गया। उक्त राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता में इस उपलब्धि से जिले को



गौरवान्वित करने खिलाड़ियों के बल पर जिलावार पदक तालिका में दंतेवाड़ा जिला रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग के बाद चौथे स्थान पर काबिज रहा। इस संबंध में व्यायाम शिक्षक रजनीश ओसवाल ने बताया कि बिलासपुर एवं कोरबा में आयोजित बेसबॉल 14,17,19 वर्ष आयुवर्ग में सुखदेव अटामी, संजू मरकाम, बल्लू राम, किंजल, कामिनी, अंजली यादव, संजना, गौरी, अनत, शंकर इस्ताम, संतराम भास्कर, राजमन, जतिन कर्मा, हिंगेश्वरी, जयमति, समरी, राजाराम, अजय, अनिल, रामधर, रतीराम, कुमारी, आकांक्षा, शर्मिला, मनीषा ने स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया। गुजरात के गांधीनगर में आयोजित तीरंदाजी 19 वर्ष आयुवर्ग में राधो करटाम ने कांस्य पदक प्राप्त किया तथा औरंगाबाद महाराष्ट्र में आयोजित सॉफ्टबॉल 19 वर्ष आयुवर्ग में जीवन जुर्री, राकेश वेक ने रजत

# मूलभूत समस्याओं को लेकर छात्रों ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज : तोंगपाल

सुकमा जिले के विकासखण्ड छिंदगढ़ अंतर्गत विभिन्न आश्रमों, छात्रावासों, पोटाकेबिनों में मूलभूत समस्याओं को लेकर आल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन एवं आल इंडिया यूथ फेडरेशन के नेतृत्व में स्कूली छात्र-छात्राओं ने गुरूवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की है।

फेडरेशन के छिंदगढ़ ब्लॉक पदाधिकारी रामकुमार पोडियाम व जीवन बघेल ने समस्याओं को अवगत कराते हुए कहा कि यदि जिला प्रशासन द्वारा उक्त व्याप्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण नही किया गया तो जिले भर के छात्र, नौजवान बड़ा आंदोलन करेंगे।

फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश कुंजाम ने कहा कि छात्रों की समस्याओं को देख, समय पर





निराकरण करने की मांग को लेकर जिला प्रशासन को धरने के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। तीनों ब्लॉक की समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया गया। जिले में स्कूलों, आश्रमों, छात्रावासों, पोटाकेबिनों में समस्याएं व्याप्त है। दूर-दराज के छात्रों को एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक के शिक्षण संस्थान में प्रवेश नही दिया जा रहा है, जिससे छात्र परेशान है। छात्रों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। छात्रावासों में सीट वृध्दि नही होने से दूर-दराज के छात्रों को शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। धरना प्रदर्शन कर जिले के शैक्षणिक संस्थानों की मूलभूत समस्याओं से संबंधित पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर जिला प्रशासन को अवगत कराया गया। इस अवसर पर एआईएसएफ, एआईवायएफ के प्रतिनिधिगण जिला उपाध्यक्ष उमेश मरकाम, बामन कोर्राम, जितेश सोड़ी, सुजीत नाग, दिनेश मुचाकी, दिनेश मरकाम, सोमड़ू कवासी, हरीश मरकाम सहित कार्यकर्तागण, छात्र-छात्राएं एवं नौजवान उपस्थित रहे।

# ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रतिनिधि संयुक्त छात्रावास अध्यक्ष जितेश सोड़ी, कोन्टा ब्लाक प्रभारी इरफान खान व ऑल इंडिया स्टूडेंट्स प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश कुंजाम ने समस्याओं को अवगत कराते हुए कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थानों पर अव्यवस्थाओं का आलम बनी हुई है।

शिक्षा सत्र 2024-25 चालू हुआ, लेकिन समस्याएं बनी हुई है। सुकमा जिला आदिवासी बाहुल्य व अतिसंवेदनशील क्षेत्र है। दूर दराज से छात्र छात्राएं अध्ययन करने जिला मुख्यालय पहुंच रहे है। छात्र छात्राओं को छात्रावासीय सुविधा



नही मिलने से परेशानियां हो रही है। इससे दूर दराज के छात्र छात्राए पढ़ाई से वंचित हो सकते है। जिला मुख्यालय व ब्लाक मुख्यालयों में वर्षों से छात्रावासों की 50 सीटर से अधिक नही है, इससे इस जिले में पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राएं को बाधा बन रहा है।

उनकी मांगों में विकासखंड के समस्त स्कूल, आश्रम, पोटा केबिन, छात्रावासों में आवेदित सभी छात्र-छात्राओं को लिया जाने, तथा छात्रावास में सीटों की वृद्धि किये जाने, दोरनापाल में 100 सीटर कन्या छात्रावास, जगरगुंडा में पोस्ट मैट्रिक बालक-बालिका छात्रावास खोले जाने, सलवा जूड़ूम के दौरान विस्थापित जगरगुंडा आश्रम वर्तमान में पोलमपल्ली में संचालित हो रही है, पुनः मूल संस्था जगरगुंडा में वापस लाये जाने, समस्त छात्रावास, आश्रम, पोटाकेबिन आदि शैक्षणिक संस्थानों में छात्र-छात्राओं को प्रति माह कम से कम दो बार नियमित रूप से स्वास्थ्य प्रशिक्षण करना अनिवार्य किये जाने, एवं समस्त स्कूल, आश्रम, पोटाकेबिन व छात्रावासों में समस्त मूलभूत समस्या जैसे खाट गद्दा, चादर, शुद्ध पेयजल, मच्छरदानी, बिजली कि व्यवस्था किया जाने तथा जर्जर स्कूल,आश्रम छात्रावास भवन को अविलंब मरम्मत किया जाने, विकासखंड कोन्टा में शिक्षण संस्था वार शिक्षक आवास की व्यवस्था की जाने, ताकि यहां रहकर नियमित रूप से पढ़ा सके तथा शिक्षकों की रिक्त पदों को तत्काल भरा जाने की मांग को लेकर ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन, ऑल इंडिया युथ फेडरेशन ब्लाक कमेटी के द्वारा कलेक्टर के नाम कोन्टा के अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर एआईएसएफ के कोन्टा ब्लाक प्रभारी इरफान खान, करटम जोगा, इंदर कवासी, पूनेम जोगा, सरेश कुरसम, संजू करटम, आयता कुंजाम, भीमा वंजामी, पोडियाम देवा कमलेश वेट्टी, सोमनाथ कवासी, बुधराम निप्पो, यशवंत कुमार, सोयम राजेश, काको बंशी, सोड़ी राजा, उईका जम्पू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

लंबित वेतन भुगतान को लेकर छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय संघ के द्वारा चरणबद्ध हड़ताल किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भोपालपटनम नगर पालिका में संघ के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। गौरतलब है कि नगरीय निकायों में हमेशा की तरह अभी भी कर्मचारियों के वेतन की समस्या बनी हुई है और वेतन भुगतान हेतु अभी भी लंबित है। प्रतिमाह लंबित वेतन भुगतान सुनिश्चित हो, इसके लिए ना तो शासन द्वारा कोई सार्थक प्रयास किया जा रहा है, ना ही नगरीय निकायों द्वारा प्रतिमाह वेतन का



भुगतान किया जा रहा है । जिसके कारण निकायों के नियमित एवं प्लसेमेंट कर्मचारियों के सामने आर्थिक परेशानी खड़ी हो गई है।

कर्मचारियों के वेतन समस्या को शासन स्तर पर ध्यान आर्कषण हेतु शुक्रवार को समस्त नगरीय निकायों के कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी लगाकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया गया।

## खबर संक्षेप

### बारिश के चलते नहीं लग सका ट्रांसफार्मर

**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी के धरमपुरा जोन में 11 केव्ही दलपत सागर फीडर में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ट्रांसफार्मर शुक्रवार को लगाना प्रस्तावित रहा, पर बारिश के चलते ट्रांसफार्मर नहीं लग पाया। बताया जा रहा है कि इंजीनियरिंग कॉलेज कॉलोनी, बस्तर यूनिवर्सिटी, महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज कॉलोनी, नवोदय विद्यालय क्षेत्र, कालीपुर अटल आवास, माता मंदिर के पास, सोयाबाड़ी के पास, शारदा कॉन्वेंट स्कूल के पास का क्षेत्र धरमपुरा के उपभोक्ताओं को राहत मिलती।

### रामलला का दर्शन करेंगे बस्तर के 85 तीर्थ यात्री

**जगदलपुर।** जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार रामलला दर्शन के लिए बस्तर के तीर्थ यात्रियों का दल अयोध्या जाएगा। जिसकी सूची तैयार की गई है। अयोध्या धाम के लिए दुर्ग एवं बस्तर संभाग के तीर्थ यात्री 23 जुलाई को रवाना होंगे। जिनमें बस्तर से 85 तीर्थ यात्री और 2 अनुरक्षक शामिल हैं।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई कार्यशाला

**जगदलपुर।** जिले के विकासखंड तोकापाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत जागरूकता व प्रचार-प्रसार हेतु विकास खण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न बिन्दुओं यथा सभी शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर ग्रामीणों को जागरूक करने पर विशेष रूप से जोर दिया गया। वहीं 22 से 28 जुलाई तक मनाये जाने वाले शाला शिक्षा सप्ताह की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें सम्बन्धित संकुल समन्वयक तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को नियमित तौर पर शामिल होकर गतिविधियां संचालित किये जाने कहा गया। इस दौरान प्रतिदिन की जाने कार्यवाही एवं गतिविधियों के बारे में कार्यशाला में विस्तृत चर्चा की गई। इस कार्यशाला में जिला मिशन समन्वयक अखिलेश मिश्रा, बीईओ पूनम सलाम तथा विकास खण्ड के समस्त शैक्षिक समन्वयक एवं ब्लाक के शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एनएमडीसी-डीएव्ही आईटीआई प्रवेश की तिथि 30 जुलाई तक

**जगदलपुर।** एनएमडीसी-डीएव्ही आईटीआई नगरनार के अधीक्षक ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि एनएमडीसी-डीएव्ही आईटीआई प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि 30 जुलाई तक बढ़ाई गई है। नगरनार स्थित एनएमडीसी डीएव्ही आईटीआई में सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए वेल्डर तथा मेसन ट्रेड के लिए 10 वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं 30 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। अभ्यार्थी दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ सभी कार्यालयीन दिवस प्रातः 11 बजे से सायं 04.30 बजे तक संस्था से प्रवेश आवेदन पत्र प्राप्त एवं जमा कर सकते है।

---

### सियासत : नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव पर फोकस रही बैठक

# देश विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दें कार्यकर्ता : सुभाऊ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- भाजपा संगठन ने किया कार्यकर्ताओं को चार्ज




भाजपा जिला संगठन नगरीय निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को चार्ज करने में जुट गई है। पार्टी की जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक शुक्रवार को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाऊन हॉल में हुई। जिसमें प्रदेश के आगामी कार्यक्रम व गतिविधियों से अवगत कराते हुये होने वाले नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव पर पूरा फोकस करने कहा गया। बैठक में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने व देश का नेतृत्व करने के लिये शुभकामनायें दी गयी। जिला कार्यकारिणी बैठक में मुख्य अतिथि डा. सुभाऊ कश्यप ने कहा कि भाजपा की पहचान उसके कर्मठ कार्यकर्ता हैं। प्रधानमंत्री दिन रात देश के उत्थान के लिये बिना रुके कार्य कर रहे हैं। कार्यकर्ता राष्ट्र विरोधी ताकतों का मजबूती से मुकाबला करें और राष्ट्र को वैभव के शिखर पर पहुंचाने प्राण-प्रण से कार्य करें। देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार है, आगामी नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में भाजपा की विजय का परचम लहराने का संकल्प लेकर कार्यकर्ता जनता के बीच जायें। जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी ने भी संबोधन दिया। पूर्व संगठन महामंत्री विधान चंद्रकर ने कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई प्रस्ताव



रखा। पूर्व जिला अध्यक्ष विद्याशरण तिवारी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के मुख्य बिंदुओं का वाचन किया। जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने प्रदेश कार्यसमिति में पारित राजनीतिक प्रस्ताव रखा। बैठक में पूर्व विधायक संतोष बाफना, राजाराम तोडेम, सुधीर पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, योगेन्द्र पाण्डेय, संजय पाण्डेय, महापौर सफीरा साहू, अश्विन सरडे, धरमू मण्डावी, रैतू राम बघेल, निर्देश दीवान, दंतेश्वर राव, आलोक अवस्थी, व्हीआर राजपूत, सुरेश गुप्ता, परिस बेसरा, फूल सिंह सेठिया, सतीश सेठिया, उदबो राम नाग, नरसिंह ठाकुर, आर्येन्द्र आर्य, संग्राम सिंह राणा, भारती श्रीवास्तव, दयावती देवांगन, यशवर्धन राव, निर्मल पाणिग्रही, दिगम्बर राव, त्रिवेणी रंधारी, नीलम यादव, मनीष पारेख, अविनाश श्रीवास्तव, दीप्ति पाण्डेय, रामकुमारी यादव, स्नेहलता बैस, रौशन सिसोदिया समेत पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### दिवगंत कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि

जिला सहप्रभारी सेवक राम नेताम ने प्रदेश के आगामी कार्यक्रम व गतिविधियों को विस्तार पूर्वक बताया। दिवंगत कार्यकर्ताओं व उनके परिजनों के लिये शोक संदेश व श्रंद्धाजलि कोषाध्यक्ष रजनीश पाणिग्रही द्वारा दी गयी और उपस्थित जनों द्वारा दो मिनट का मौन धारण किया गया। संचालन जिला महामंत्री वेदप्रकाश पाण्डेय व आभार जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह ने माना।

---

# मान्यता सीजी बोर्ड की, सीबीएसई बोर्ड की किताबें तय दुकान से खरीदने के लिए पालकों पर दबाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- 3 सदस्यीय जांच दल ने माना विद्यालय में नियम विरूद्ध हो रहा काम
- शाला में अप्रशिक्षित शिक्षकों से लिया जा रहा काम

उच्चाधिकारियों को मिली शिकायत के बाद 3 सदस्यीय जांच दल का गठन कर शहर के निजी शिक्षण संस्था बाल विहार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की जांच करने को कहा गया। जांच दल ने जिला शिक्षा अधिकारी को नियम विरूद्ध विद्यालय में चल रहे कार्यों की रिपोर्ट सौंपी है। जिसमें जांच दल को कई तरह की अनियमितता मिली है। जिसमें सीजी बोर्ड की मान्यता मिली है लेकिन संस्था के द्वारा सीबीएसई बोर्ड की किताबें बिना पालकों की सहमति के बाहर से खरीदने वह भी निर्धारित दुकान से लेने दबाव बनाने की बात सामने आई है। वहीं अप्रशिक्षित शिक्षकों से काम लिया जाना भी पाया गया।

जांच दल में बीईओ मानसिंह भारद्वाज, एबीईओ भारती देवांगन तथा जगतू महारा शासकीय बहु.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर के प्राचार्य बीएस रामकुमार शामिल थे। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने बाल विहार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। उन्होंने गंभीर अनियमितता पाए जाने पर मान्यता रद्द करने की चेतावनी भी दी है। उन्होंने 22 जुलाई को जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में समाधान कारक जवाब के साथ उपस्थित होने को कहा है। संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है। जिला शिक्षा अधिकारी ने संचालक लोक शिक्षण रायपुर, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जगदलपुर और खंड शिक्षा अधिकारी जगदलपुर को भी सूचित किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक रामधर कश्यप ने कलेक्टर, संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को बाल विहार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नियम विरूद्ध कार्य की शिकायत की थी। जिसके आधार पर खंड शिक्षा अधिकारी मानसिंह भारद्वाज ने विद्यालय के प्राचार्य को 6 जुलाई को स्कूल आकर जांच करने पत्र भेजा था। जांच समिति को यह शिकायत मिली थी कि विद्यालय में हिंदी एवं अंग्रेजी दो माध्यम में अध्यापन हो रहा है। विद्यालय को शासन से निशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदान की जाती है जिसका 3 वर्ष का ब्योरा प्राचार्य से मांगा गया। वहीं विद्यालय में आरटीई के तहत कितने बच्चे 2023-24 और 2024-25 में प्रवेश लिए हैं उसकी कक्षावार, वर्षवार एवं स्तरवार जानकारी मांगा गया। कक्षा पहली से 12वीं तक अध्यापन करने वाले शिक्षक उनकी योग्यता, जिसमें डीएड, नॉन डीएड, बीएड और नॉन बीएड की जानकारी भी मांगी गई।

वहीं इन दो वर्षों में कितने नए शिक्षकों की भर्ती की गई यह भी जांच दल ने उनकी योग्यता के साथ प्रस्तुत करने कहा। बताया गया कि जांच दल को प्राचार्य के द्वारा सही-सही जानकारी नहीं दी गई बल्कि कई तरह की गलत जानकारियां प्रस्तुत की गई।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य को दी मान्यता रद्द करने की चेतावनी

#### प्रशिक्षित शिक्षकों होना अनिवार्य

जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने प्राचार्य को लिखे पत्र में कहा है कि अंग्रेजी माध्यम में 16 और हिंदी माध्यम में 18 शिक्षकों के द्वारा अध्यापन कराया जाता है। शिक्षक अशोक कुमार मिश्रा व्याख्याता भौतिकी, शिक्षिका ज्योति यादव तथा अंजली चक्रवती, अनामिका घोष पीटीआई अप्रशिक्षित हैं। उन्होंने कहा है कि अप्रशिक्षित शिक्षकों से अध्यापन कराया जाना नियम विरूद्ध और अनुचित है।









#### संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर मान्यता रद्द करेंगे

जांच दल की रिपोर्ट में विद्यालय के द्वारा अनियमितता और नियम विरूद्ध कार्य किया जाना प्रतीत होता है। मैंने 9 जुलाई को प्राचार्य को पत्र लिखकर बिंदुवार सभी जानकारी लेकर मेरे कार्यालय 22 जुलाई को आने को कहा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर मान्यता रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

**बीआर बघेल,** जिला शिक्षा अधिकारी, बस्तर

#### मंत्री के निर्देश पर पहले भी हुई थी जांच

बाल विहार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य विकसिता पॉल और शिक्षण समिति के सचिव विकास चावड़ा के द्वारा विद्यालय में कार्यरत महिला एवं पुरूष शिक्षकों को प्रताड़ति करने, बच्चों को दुर्भावनावश टीसी देने और कुछ पालकों की गलत शिकायतें थाने तक करने की बात सामने आने पर तत्कालीन प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को जांच करने के निर्देश दिए थे। उस समय भी तीन सदस्यीय जांच दल ने स्कूल पहुंचकर जांच की थी। इसमें भी कई तरह की अनियमितता मिली। लेकिन जांच दल की रिपोर्ट को भी प्राचार्य और सचिव ने नजरअंदाज करते हुए उनके निर्देशों का पालन नहीं किया। बाद में पालकों के आवेदन पर बाल संरक्षण अधिकारी ने विद्यालय के प्राचार्य को कड़े निर्देश दिए थे। इस तरह लगातार विद्यालय द्वारा नियम विरूद्ध कार्य किया जा रहा है।

---

### राज्यपाल ने कहा पर्यावरण की रक्षा सबका दायित्व ...



**जगदलपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में पीपल्स केयर संस्था के सदस्यों ने भेंट की। राज्यपाल को बताया गया कि बस्तर के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में संस्था द्वारा 101 ग्रामीण परिवारों के माध्यम से एक-एक पीपल का पौधा लगाया जाएगा। राज्यपाल ने संस्था के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हम सभी को पौधरोपण करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुरेश कुमार यादव और उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष ने राज्यपाल को बस्तर आने का निमंत्रण दिया जिसे उन्होंने स्वीकार करते जल्द ही आने की बात कही।

## नालियों का गंदा पानी घरों में घुसने से शहरवासी परेशान, ड्रेनेज सिस्टम फेल



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर महामंत्री निकेत राज झा ने शहर में हुई बारिश को लेकर निगम सरकार पर आरोप लगाते कहा कि शुक्रवार को शहर में हुई बारिश ने नगर निगम की तैयारियों और दावों की पोल खोल दी है। बारिश में शहर जलमग्न हो गया। जिससे शहर के कई वार्डो के घरों में गंदा पानी घुसने से लोग परेशान हैं। नालियों की साफ-सफाई नहीं होने से थोड़ी बारिश में ही शहर में सब तरफ पानी ही पानी भर गया। वर्षा को लेकर नगर निगम की तैयारी के तमाम दावों की पोल आज खुलकर रह गई है। महज एक घंटे की वर्षा से प्रमुख सड़क, मोहल्ले, कालोनियों सहित पूरा वार्ड जलमग्न हो गया है। इसके अलावा नालों का कचरा सड़क पर बहने से स्थिति और भी खराब हो चुकी है।

---

## शहर के 50 से अधिक शिवभक्त राउरकेला एक्सप्रेस से बैजनाथ धाम रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

शुक्रवार को देवघर स्थित बाबा बैजनाथ धाम में श्रावण मास के दौरान जलाभिषेक करने शहर के शिवभक्तों का जत्था बैजनाथ धाम राउरकेला एक्सप्रेस से रवाना हुआ। रेलवे स्टेशन में 50 से ज्यादा शिवभक्तों का दल शामिल था, जिसमें पुरुष के साथ बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां व छोटे बच्चे सम्मलित थे। जो श्रावण मास के पहले सोमवार व मंगलवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। बाबा बैजनाथ धाम पहुंचने शिवभक्तों में उत्साह दिखा, जहां वे बोल बम के जयकारे लगाते रहे। इसी बीच शिवभक्तों के पहले दल को रवाना करने बड़ी संख्या में शहर के लोग रेलवे स्टेशन पहुंचे। दल में शामिल रमन झा व संजय झा ने बताया कि गुरूवार की देर शाम मिथिला समाज हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। जहां सभी सदस्यों ने यहां भगवान श्रीराम



व हनुमान की पूजा की और सफल यात्रा की कामना की। पूरा स्टेशन बोल बम के जयकारे से गूंज उठा, जहां बड़ी संख्या में पहुंचे लोग उन्हें विदा करने पहुंचे। पहला जत्था को रवाना करने भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, शशि पाठक, योगेश मिश्रा, परेश ताटी, दिलीप सुंदरानी, तारा गुप्ता, दशरथ गुप्ता, रुकमणी यादव व अन्य सम्मलित थे।

## विधायक की पहल से 20 ग्राम पंचायतों में ओपन जिम को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

युवा गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जनपद पंचायत जगदलपुर के 20 ग्राम पंचायतों में ओपन जिम उपकरणों की स्वीकृति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव के प्रयासों से प्राप्त हुई है। कलेक्टर ने स्वीकृति प्रदान किया है। जिसकी स्थापना कार्य ई-मानक पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। जिसकी गुणवत्ता का परिक्षण कंपनी के द्वारा किया जाना है। जनपद पंचायत जगदलपुर के सीईओ अमित भाटिया ने बताया कि ओपन जिम उपकरणों की स्थापना कार्य के भौतिक सत्यापन के लिए विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की समिति का गठन किया गया है। जो स्थल पर स्थापना के कार्योर् का सत्यापन करेंगे। ओपन जिम उपकरणों की स्थापना कार्य का निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन होने के बाद ग्राम पंचायत के निवासरत युवाओं की समिति का गठन करते हुए ओपन जिम की संरक्षण के लिए गठित समिति के सुपूर्द किया जावेगा। जिसके लिये पंचायतों में युवाओं से आवेदन आमंत्रित किया जाएगा। पंचायतों के लिए जिम की स्वीकृति मिली है उनमें ग्राम पंचायत अलनार, बिलोरी-1, चितालगुर, चोकावाड़ा, गरावंडकला, गरावंडखुर्द, गुमलवाड़ा, हल्बाकचोरा, हाटपदमुर, कलचा, कालीपुर, कवालीकला, कावापाल, खुटपदर, कुरंदी-2, नानगुर, नेतानार, सरगीपाल, तिरिया और उलनार शामिल हैं।

---

### शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ आयुष्मान आरोग्य मंदिर भैरमदेव वार्ड में किया गया

# पार्षद व संयुक्त संचालक ने पिलाई विटामिन ए की दवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

राज्य में शिशु एवं मातृ स्वास्थ्य संवर्धन हेतु शिशु संरक्षण माह 19 जुलाई से 23 अगस्त तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को विलेज हेल्थ सेनीटेशन एण्ड न्यूट्रीशन डे एवं अर्बन हेल्थ सैनीटेशन एण्ड न्यूट्रीशन डे के माध्यम से एसएसएम की सेवाएं दी जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर विजय दयाराम के. की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक 16 जुलाई को की गई।




शिशु संरक्षण माह में विटामिन ए की खुराक दी जाएगी, विटामिन ए सूक्ष्म पोषक तत्व है जिसकी कमी से रतौंधी होती है, जो कि केवल विटामिन ए से ठीक होता है एवं शरीर की वृद्धि एवं रोग प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाता है। 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को 6 माह के अन्तराल में कुल 9 डोज दिया जाना है। साथ में आयरन फोलिक एसिड सिरप 6 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों को 20 एमजी की मात्रा सप्ताह में दो दिन दिया जाना है, जो कि बच्चों को एनिमिया होने से रोकता है एवं एनिमिया से ग्रसित बच्चों को मानसिक एवं शारीरिक विकलांगता होने से रोकती है।

अभियान में नियमित टीकाकरण सभी गर्भवती माताओं एवं शिशुओं को तिथि के अनुसार टीकाकरण करना, साथ ही उन हितग्राही जो नियमित टीकाकरण से छूटे हुए है, लेफ्ट आऊट-ड्रॉप आउट को भी कव्हर किया जाएगा। बच्चों को हेपेटाइटिस बी.,पोलियो की खुराक दी जाएगी जो कि जन्म के 24 घंटे के अंदर दिया जाता है। गर्भवती जांच एवं देखभाल सभी गर्भवती माताओं की इस दौरान एएनसी जांच की जाएगी एवं आवश्यकतानुसार उपचार एवं सलाह दी जाएगी। गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में रिफर करना, शिशु संरक्षण माह के दौरान गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को जांच व पताकर एनआरसी में भर्ती कराना होगा। इस हेतु सभी एएनएम के पास एमयूएसी टेप्स उपलब्ध है एवं जिले में चार पोषण पुनर्वास केंद्र चालू है। इसी दौरान कोई भी एएफपी केश का भी पता लगाना है। एसएसएम की सर्विस पैकेज के तहत जिले 78899 लक्षित हितग्राहियों को विटामिन ए और 85553 लक्षित हितग्राही बच्चों को आईएफए सिरप दिया जाएगा।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी ने बताया कि जिले में सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है और सभी हितग्राहियों को इस सेवा से जोड़ा जाना है, एवं शिशु संरक्षण माह में प्रमुख भूमिका मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, एएनएम की रहेगी, ताकि माताओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य की स्थिति बेहतर हो सके।

शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ आयुष्मान आरोग्य मंदिर भैरमदेव वार्ड में किया गया। भैरमदेव वार्ड की पार्षद व मितानिन त्रिवेणी रंगारी व संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. केके नाग ने विटामिन ए की दवा पिलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर डीपीएम सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गौवंश की सड़क दुर्घटना में हो रही मौतें, प्रशासन करे सार्थक पहल, नहीं तो होगा उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- गौवंश रखने का एकमात्र स्थल हैप्पी कामधेनु में जगह की समस्या
- गौ-अभ्यारण्य की घोषणा कर सरकार मौन : सिकंदर



बस्तर जिले में आये दिन गौवंश सड़क हादसे के शिकार हो रहे है, जिसमें गौवंश की मृत्यु अथवा गंभीर रूप से घायल हो रहे है। घायल गौ वंशों को बजरंगदल के लोग पशु चिकित्सालय में उपचार कर हैप्पी कामधेनु गौशाला भेज रहे है। यहां पहले से ही बड़ी संख्या में गौवंश है, जिस कारण जगह की कमी हो रही है और संपूर्ण जिले में सड़क हादसों में घायल गौवंश रोजाना 6-8 की संख्या में आ रहे है। बजरंगदल के विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप ने बताया कि बीते दिनों बस्तर ब्लॉक एसबीआई चौक नेशनल हाईवे में ट्रक ने 3 गौ वंशों को कुचला, घायल गौ वंश को ईलाज के लिए हैप्पी कामधेनु में भेजा और 2 का अंतिम संस्कार किया। विहीप व बजरंग दल का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर के नाम मांगपत्र एसडीएम को सौंपा। जिसमें उल्लेख किया गया है कि इस गम्भीर मामले पर प्रशासन कोई सार्थक पहल नहीं करता है तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा शासन प्रशासन और गौ पालकों की लापरवाही और तेज रफ्तार वाहन चालको की वजह से गौ वंश मारे जा रहे है। ज्ञापन देने के दौरान नगर अध्यक्ष विवेक शुक्ला, नगर सत्संग प्रमुख हरि सिंह ठाकुर, नगर सेवा प्रमुख दसि पटेल, गौ रक्षा प्रमुख शंकर, मानसाय बघेल, रोहित चंदेल और चेतन कश्यप उपस्थित थे।